# बंटे तो बांग्लादेश जैसा होगा हाल : योगी

**लखनऊ, 10 जनवरी. बांग्लादेश की घटना पर सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद योगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश की घटना पर विपक्षी दलों की चुप्पी पर प्रहार करते हुये कहा कि सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं.**

बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है. शनिवार को माघ मेले में आयोजित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के 726वें प्राकट्य महोत्सव में शामिल होने के मौके पर योगी ने कहा जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन हमारे लिए उसी प्रकार से सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश के अंदर देख रहे हैं.

सीएम योगी ने कहा अगर हम बंटते हैं तो बांग्लादेश जैसा होगा हाल. इसीलिए आप लोग बंटों मत वरना बांग्लादेश जैसा होगा हाल हो जायेगा. वहां की घटना पर कोई बोल नहीं रहा है. सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है. बांग्लादेश की घटना पर कोई कैंडल मार्च तक नहीं निकाला जा रहा. यह हमारे लिए चेतावनी भी है.

उन्होंने कहा कि जो लोग आज भी समाज को बांट रहे हैं, वे कभी हितैषी नहीं होंगे. सत्ता में रहने पर यह लोग परिवार के बाहर नहीं सोच पाते थे. यह फिर तमाम नारे देंगे, लेकिन इन्हें जब भी मौका मिलेगा तो वही करेंगे, जो पहले किया था. पहचान का संकट, अराजकता, सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में फिर हर व्यक्ति को झुलसाएंगे. हमें इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने देनी चाहिए. डबल इंजन सरकार सनातन आस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सदैव खड़ी है.




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज में लगे माघ मेले में संगम पर स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की.

# हम ऐसी जगह मारेंगे, जहां दर्द ज्यादा होगा

▶ ईरान में भड़कते जनआंदोलन के बीच ट्रंप ने दी चेतावनी

**वॉशिंगटन, 10 जनवरी. ईरान में भड़कते जनआंदोलन के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को खुली और सख्त चेतावनी दी है. ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान में प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई गई या उनकी हत्या की गई, तो अमेरिका सीधे हस्तक्षेप करेगा.**

डोनाल्ड ट्रंप की ये चेतावनी ईरान को खुले तौर पर बताती है, कि ट्रंप की मनसा सीधे तौर पर ईरान में अपना हुकुमत को दर्शाता है. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका ऐसी जगह हमला करेगा, जहां ईरान को सबसे ज्यादा दर्द होगा. अमेरिका हालात पर बेहद करीबी नजर रखे हुए है. प्रदर्शनों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को कड़ा अल्टीमेटम दे दिया है. व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने प्रदर्शनकारियों पर दमन तेज किया.



### नोबेल तो मुझे ही मिलना चाहिए

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान को लेकर फिर एक बार अपनी बात दोहराई. ट्रंप ने कहा कि मैंने ही भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ाई रुकवाई. अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि जब पाकिस्तान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अमेरिका आए थे, तब उन्होंने मुझे लाखों लोगों की जान बचाने के लिए धन्यवाद कहा था. ट्रंप ने आगे यह भी कहा कि 8 युद्ध रुकवाने के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए. डोनाल्ड ट्रंप ने तेल व गैस से जुड़े अधिकारियों के साथ मुलाकात की.

# गृह जिला में भावुक हुए सीजेआई सूर्यकांत ने साझा किए संघर्ष के दिन

▶ बार एसोसिएशन कार्यक्रम में 1984 का किस्सा सुनाया



**हिसार/हांसी, 10 जनवरी. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद जस्टिस सूर्यकांत शुक्रवार को अपने गृह राज्य हरियाणा पहुंचे.**

अपने जिले हिसार और हांसी में उन्होंने न सिर्फ आधिकारिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, बल्कि अपने जीवन के संघर्षों और बचपन की भावुक यादों को भी साझा किया. बार एसोसिएशन के मंच से सीजेआई ने बताया कि पहली बार कोर्ट में कदम कब रखा और पहली फिल्म देखने का अनुभव भी यहीं से जुड़ा है. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद जस्टिस सूर्यकांत दो दिवसीय दौरे पर हरियाणा पहुंचे. शुक्रवार को वह अपने जिले हिसार और हांसी में कार्यक्रमों में शामिल हुए. हिसार बार एसोसिएशन के आयोजन में उन्होंने वकीलों के नए चैंबर और मल्टीलेवल पार्किंग का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने अपने संघर्षों से भरे शुरुआती दिनों को याद करते हुए कई व्यक्तिगत किस्से साझा किए.

# प्रवीण सिंह की माता जी का निधन



**चाकघाट 10 जनवरी,** समीपस्थ ग्राम पंचायत - पनासी निवासी लाल प्रवीण सिंह की माता जी श्रीमती किशोरी सिंह जी (पत्नी स्वर्गीय लाल प्रभाकर सिंह जी पानसी) का निधन विगत 5 जनवरी 2026 दिन सोमवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम - पनासी में ही सम्मान पूर्वक किया गया। मम्मा साहब के शव यात्रा में गांव के सभी गणमान्य, परिवारजन व उनके सभी रिश्तेदारो ने सम्मिलित होकर अश्रु परित नेत्रों से अंतिम विदाई देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर परमपिता परमात्मा से प्रार्थना किया है कि मम्मा साहब को अपने श्री चरणों में स्थान दें, जिससे परिजनों को भी शांति की अनुभूति हो।

# नीतीश के भारत रत्न पर जेडीयू में महासंग्राम

**पटना, 10 जनवरी. बिहार की राजनीति एक बार फिर उबाल पर है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग ने जनता दल यूनाइटेड के भीतर ही जबरदस्त घमासान पैदा कर दिया है.**



पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी की ओर से प्रधानमंत्री को लिखी गई चिट्ठी ने जेडीयू को दो खेमों में बांट दिया है. जहां एक ओर जेडीयू के कई नेता इससे दूरी बना रहे हैं, वहीं बीजेपी और एनडीए के सहयोगी इसे हवा दे रहे हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए भारत रत्न की मांग अब केवल सम्मान का मुद्दा नहीं रह गई है, बल्कि यह बिहार की राजनीति में एक बड़ी रणनीतिक लड़ाई का रूप ले चुकी है. जेडीयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग करने के बाद पार्टी के भीतर ही तीखा विरोध शुरू हो गया है. जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद और नीरज कुमार ने इस मांग को केसी त्यागी की व्यक्तिगत राय बताते हुए पार्टी से दूरी बना ली. यहां तक कह दिया गया कि केसी त्यागी पार्टी में सक्रिय भी हैं या नहीं, यह भी स्पष्ट नहीं है. हालांकि पार्टी के ही वरिष्ठ नेता और मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने त्यागी के बयान को गलत नहीं बताया.

> विपक्षी आरजेडी ने इस मौके को लपकते हुए नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला और केसी त्यागी की मंशा पर सवाल खड़े किए. वहीं एनडीए के घटक दलों, खासकर जीतन राम मांझी और विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने केसी त्यागी की मांग का खुलकर समर्थन किया. बीजेपी नेता गिरिराज सिंह भी पहले ही नीतीश को भारत रत्न देने की बात कह चुके हैं. राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इसके पीछे एक गहरी रणनीति छिपी है. भारत रत्न अक्सर किसी नेता के सार्वजनिक जीवन के अंतिम सम्मान के रूप में देखा जाता है.

# फडणवीस-शिंदे को फंसाने की साजिश

**मुंबई, 10 जनवरी. पूर्व पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला की एक गोपनीय रिपोर्ट में मौजूदा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को 160 करोड़ रुपये के यूएलसी घोटाले में झूठे आरोपों के जरिए फंसाने की साजिश का दावा किया गया है.**



महाराष्ट्र में शहरी निकाय चुनाव से पहले राजनीति उस वक्त गरमा गई, जब पूर्व पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला की एक गोपनीय रिपोर्ट सामने आई. यह रिपोर्ट उन्होंने रिटायरमेंट से कुछ दिन पहले राज्य के गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को सौंपी थी. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वर्ष 2021 के अर्बन लैंड सीलिंग घोटाले में तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस और उस समय शहरी विकास मंत्री रहे एकनाथ शिंदे को झूठे आरोपों में फंसाने की साजिश रची गई थी. रिपोर्ट के मुताबिक तत्कालीन डीजीपी संजय पांडे ने ठाणे पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि फडणवीस और शिंदे को 160 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में आरोपी बनाया जाए. आरोप है कि इस साजिश के तहत उनकी गिरफ्तारी की भी तैयारी की गई थी. ठाणे के डीसीपी लक्ष्मीकांत पाटिल और एसीपी सरदार पाटिल को इस मामले में अहम भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया.

## एक नजर में



### इंडियन नेवी हल्दिया में बना रहा अपना बेस

**नई दिल्ली, 10 जनवरी.** भारतीय नौसेना उत्तरी बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में भारत की समुद्री मौजूदगी को बढ़ाने के लिए पश्चिम बंगाल के हल्दिया में एक नया बेस बनाने जा रही है. यहां से बांग्लादेश-चीन पर पैनी नजर रहेगी. रिपोर्ट के अनुसार यह बेस एक नेवी डिटैचमेंट के तौर पर काम करेगी. इसका फोकस छोटे युद्धपोतों को तैनात करने पर होगा. हुगली नदी पर स्थित यह बेस फास्ट पेट्रोल और अटैक क्राफ्ट को सपोर्ट करेगा. इस बेस के ऑपरेशन में आने के बाद भारत के पूर्वी समुद्री तट पर तटीय सुरक्षा, समुद्री डकैती विरोधी अभियान, आपदा राहत और क्विक रिसपॉन्स को बढ़ावा मिलेगा. यह कदम नेवी की बड़ी विस्तार योजनाओं के भी मुताबिक है. एक्सपर्ट्स का कहना है कि नॉर्थ बंगाल की खाड़ी में भारत का यह कदम कई कारणों से उठाया है. इसमें हिंद महासागर क्षेत्र में पीपल्स लिबरेशन आर्मी नेवी की बढ़ती गतिविधियां अहम कारण है.

### चार रणबांकुरों को मरणोपरांत सेना पदक

**नई दिल्ली 10 जनवरी.** कैप्टन ब्रजेश थापा, लांस नायक स्टांजिन तर्गियास, राइफलमैन मोहित राठौर और राइफलमैन हिलाल अहमद भट को शनिवार को मरणोपरांत सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में सेना की पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह में ये सम्मान प्रदान किये गये। समारोह में छह युद्ध सेवा पदक, 30 सेना पदक (वीरता), एक बार टू सेना पदक (विशिष्ट), 19 सेना पदक (विशिष्ट) और 44 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किये गये। सेना की वायु रक्षा कोर से संबंध रखने वाले और 10 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात कैप्टन (शहीद) ब्रजेश थापा ने 14 जुलाई 2024 को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान असाधारण साहस का प्रदर्शन किया। वन क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की विशेष खुफिया सूचना के आधार पर उन्होंने तलाशी अभियान का नेतृत्व किया।

### एसआईटी खोलेगी पाक का सच

**नई दिल्ली, 10 जनवरी.** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने कहा है कि पाक नागरिक अली तौकीर शेख के खिलाफ विशेष जांच दल की जांच की पूरी रिपोर्ट जनवरी के भीतर जारी कर दी जायेगी. उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक बड़ी साजिश है, जिसके बारे में असम के लोगों को पता होना चाहिए और इस मामले की जांच के निष्कर्ष बेहद गंभीर हो सकते हैं. हिमंत विश्व सरमा ने कहा कि उनका मानना है कि वर्तमान में राज्य के पास मौजूद दस्तावेज केवल शुरुआत हैं और मामले की व्यापकता को देखते हुए राज्य पुलिस बल की पहुंच सभी भौतिक साक्ष्यों तक नहीं हो सकेगी.

# नहीं पहनना होगा अंग्रेजों का बंद गला कोट

**भारतीय रेल ने तोड़ी ब्रिटिश परंपरा, बदली यूनिफॉर्म**

**नई दिल्ली, 10 जनवरी. भारतीय रेलवे ने औपनिवेशिक विरासत से दूरी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक कदम उठाया है.**



अंग्रेजों के शासनकाल से चली आ रही बंद गला काले कोट की परंपरा को अब रेलवे की औपचारिक यूनिफॉर्म से हटा दिया गया है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे 'न्यू इंडिया' की सोच से जुड़ा फैसला बताते हुए कहा कि देश को उन सभी प्रतीकों से मुक्त होना चाहिए, जो गुलामी की मानसिकता की याद दिलाते हैं. भारतीय रेलवे के हजारों अधिकारियों और कर्मचारियों को अब उस परिधान से मुक्ति मिल गई है, जिसे ब्रिटिश शासन के दौर की पहचान माना जाता था. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 9 जनवरी 2026 से बंद गला काले कोट (ब्लैक प्रिंस कोट) को रेलवे की औपचारिक ड्रेस से हटाने की घोषणा की है. यह फैसला रेलवे के विभिन्न जोन और अधिकारियों को सम्मानित करने के एक कार्यक्रम के दौरान लिया गया.

> रेल मंत्री ने स्पष्ट कहा कि यह कोट अंग्रेजों द्वारा शुरू किया गया था और अब स्वतंत्र भारत में इसकी कोई आवश्यकता नहीं है. उन्होंने कहा कि केवल पहनावा ही नहीं, बल्कि काम करने की शैली और सोच में भी औपनिवेशिक प्रभावों से बाहर निकलने का समय आ गया है. सरकार एक-एक कर ऐसे सभी प्रतीकों की पहचान कर रही है, जो आज भी ब्रिटिश काल की याद दिलाते हैं. यह कदम केवल रेलवे तक सीमित नहीं रहेगा. केंद्र सरकार विश्व विद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में पहने जाने वाले गाउन-टोपी व अन्य औपचारिक परंपराओं की भी समीक्षा कर रही है.

## पेज एक का शेष

### इंजीनियर्स साकार करेंगे विकसित भारत का सपना

विकसित कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क 2026 का विमोचन, लोकपथ मोबाइल ऐप के उन्नत संस्करण - लोकपथ 2.0 का लोकार्पण किया. भगवान श्रीराम के काल में ही नल, नील ने पुल निर्माण की तकनीक खोज ली थी. मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम के काल में नल और नील ने समुद्र पर पुल निर्माण करने की तकनीक खोज ली थी. लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी पुष्पक विमान से अयोध्या आए थे. भगवान विश्वकर्मा ने पुष्पक विमान बनाया, जिसमें सभी को समाहित करने की क्षमता थी. यह सभी को विकास और कल्याण में साथ लेकर चलने के भाव की अभिव्यक्ति थी. वर्तमान में भी सभी की सुविधा और जीवन में सभी को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही निर्माण कार्य जारी हैं. मप्र का लोक निर्माण विभाग नई तकनीक और समय का सदुपयोग करते हुए अधोसंरचना विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहा है. भारतीय परंपरा में तकनीक, ज्ञान और नवाचार का समृद्ध इतिहास रहा है. हमारे प्राचीन ग्रंथ और सांस्कृतिक उदाहरण यह सिखाते हैं कि सामूहिक क्षमता, बुद्धि और समर्पण से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं.

**प्रदेश संतुलित विकास की ओर अग्रसर : सुखबीर सिंह**

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में संतुलित विकास की ओर अग्रसर है. राज्य सरकार द्वारा अभ्युदय मध्यप्रदेश के लिए सम्पूर्ण प्रदेश में अधोसंरचना विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं.


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- सतना (म.प्र.)**

क्रमांक/प्रवा./अपर कले./25 सतना दिनांक 10/10/2025

**// सार्वजनिक सूचना //**

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र सिंह पटेल पिता श्री लल्लू प्रसाद सिंह पटेल उम्र 34 वर्ष (26/06/1991), स्थिति-तलाकशुदा स्थायी निवासी-ग्राम-पगरा पोस्ट-महुडर थाना-रामपुर बाघेलान तह.रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. 485115 एवं आवेदिका रीना पटेल पुत्री श्री ध्रुव प्रसाद पटेल उम्र-31 वर्ष (05/07/1994) स्थिति-तलाकशुदा स्थायी निवासी-203, बेला कालोनी, शिव मंदिर, थाना-अमरपाटन तह.-अमरपाटन जिला मैहर (म.प्र.)485775 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 08/10/2025 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 21/02/2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)**


# शाह आज केरल भाजपा के विस चुनाव अभियान की करेंगे शुरूआत

**तिरुवनंतपुरम, 10 जनवरी. केन्द्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह रविवार को केरल में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत करेंगे.**



इस दौरान श्री शाह कौडियार में स्थानीय निकाय चुनावों में जीते भाजपा प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे. अमित शाह पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक सभा को भी संबोधित करेंगे एवं केरल के लिए भाजपा का राजनीतिक रोडमैप बताएंगे. वह जमीनी स्तर पर पार्टी की संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे. पार्टी नेताओं ने कहा कि अभियान शुरू करने का मकसद कार्यकर्ताओं में जोश भरना और सभी निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी पहुंच को मजबूत करना है. अभियान विकास, सुशासन और राष्ट्रीय एकता पर फोकस करेगा, साथ ही राज्य में वर्तमान सरकार की नाकामियों को भी उजागर करेगा.

# पीएम मोदी 17 को करेंगे पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन

**नई दिल्ली, 10 जनवरी.** देश को पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मिलने जा रही है. दिल्ली में आयोजित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जनवरी को पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन करेंगे. ये ट्रेन कोलकाता और गुवाहाटी के बीच चलेगी. वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के शुभारंभ के साथ छह नई अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरुआत भी की जा रही है. यात्रियों के लिए इन ट्रेनों की सेवाएं 17 और 18 जनवरी से मिलने लगेंगी. पीएम पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे. ये ट्रेन सप्ताह में 6 दिन कामाख्या और हावड़ा जंक्शन के बीच चलेगी. रेल मंत्री ने बताया कि साल 2026 में भारतीय रेलवे में कई बड़े सुधार होने वाले हैं. यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर नए तरीकों और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा. 52 हफ्तों में 52 सुधार पेश किए जाएंगे, जिससे आने वाले दिनों में भारतीय रेलवे का एक नया रूप देखने को मिले. ट्रेनों में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के लिए एक नया स्ट्रक्चरल तरीका लाया जाएगा.


**नामांतरण सूचना**

मैं नंद किशोर सोनी पिता मातादीन सोनी निवासी वार्ड क्रमांक 8 नगर परिषद कोठी थाना तहसील कोठी जिला सतना मध्य प्रदेश का निवासी होकर बलहफ बयान करता हूं कि मेरा आधार नंबर 6915572563 48 का होकर सूचित करता हूं कि मेरे नाम पर नगर परिषद कोठी सतना जिला के वार्ड क्रमांक 8 में निर्मित दुकान क्रमांक 43 मेरे नाम से एलाट है उसको मैं स्वत: अश्विनी गुप्ता पिता मनीष गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 9 नगर परिषद कोठी पोस्ट कोठी के नाम ट्रांसफर, नामांतरण कराना चाहता हूं जिस किसी को भी उक्त दुकान के संबंध में आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अंदर अपनी नगर परिषद कोठी कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराये.

कोठी, दिनांक

**नंदकिशोर सोनी पिता मातादीन सोनी, ग्राम पोस्ट कोठी थाना कोठी जिला सतना मध्य प्रदेश**

**कार्यालय प्राचार्य शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना (म.प्र.) 485001**

पत्रांक 9330/ स्टोर/2026 | सतना, दिनांक 09/01/2026

**ई टेंडर निविदा आमंत्रण**

| सरल क्रमांक | निविदा का विवरण | निविदा जारी करने की तिथि | निविदा समाप्ति की तिथि | प्री-विड मीटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएम उषा के GIEI योजना के तहत लैपटॉप के क्रय हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रण E Tender ID 2026_ HED_ 474769_1 | 10/01/2026 | 31/01/2026 | 15/01/2026 02.00 PM |
| 2 | महाविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक हाईवेयर और सॉफ्टवेर के विभिन्न सामग्री हेतु खुली ई निविदा आमंत्रण E Tender ID 2026_ HED _474678_1 | 10/01/2026 | 31/01/2026 | 15/01/2026 02.00 PM |

टेंडर नोटिस म प्र ई-टेंडर पोर्टल अथवा महाविद्यालय के वेबसाइट https://pgesatna.com/ पर जाकर देखा जा सकता है।

**डॉ. सुरेश चंद्र राय**
**प्राचार्य**

**Notice Inviting e-Tenders**
**OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD, NEWRAMNAGAR, DIST-MAIHAR**

NIT No. 2898 | Date: 05.01.2026

Online Lumpsum bids for the following works under **"SBM (U) - 2.0"** (Estimated on UADD ISSR (w.e.f- 02.08.2021) are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria

| TENDER no. | Scope of the work | Probable amount of contract (Rs. In Lacs) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_1 473417_1 | 1.Design and build sewage treatment plant of installed capacity of 2.0 MLD With all appurtenant structures and allied works; 2. Survey, review the designs, redesign where necessary, and diversion works of two number of nallahs with nalla diversion structure & interception sewer of about 11.20 m length including survey, design, construction of 2 No. of Pumping stations and all appurtenant structures and allied works; 3. Survey, review the designs, redesign where necessary, and providing, laying of force mains of length 600m of DI K-7 material from Pumping station and all appurtenant structures and allied works etc complete 4. Providing, Laying and Insulating of Transformer and laying of H.T. Cable with poles of HT feeder Line of 1 km. | 559.97 | 2,79,985/- | 20,000 | 12 months including rainy season. |

1.All details relating to the Bid Document(s) can be viewed and downloaded free of cost from the website. Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in.,2. The Bid can be purchased only online from 10:30 Hrs of 09/01/2026 to 17:30 Hrs. of 09/02/2026., 3.Bid document can be purchased after making online payment of portal fees through Credit/Debit/Cash Card/internet banking to participate.

**CMO**
**NAGAR PARISHAD NEW RAMNAGAR,DIST.MAIHAR**


**आस्था** ▶ **भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात के प्रभास पाटन में स्थित है मंदिर**

# अजय-शाश्वत आस्था का संगम सोमनाथ

**अहमदाबाद, 10 जनवरी. भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात के प्रभास पाटन में स्थित सोमनाथ मंदिर केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का शाश्वत प्रतीक है.**



यह वह ज्योतिर्लिंग है, जिसका उल्लेख बारह ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में सबसे पहले किया गया है. सौराष्ट्रे सोमनाथंज्यानी बारह ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ प्रथम स्थान पर है. यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सभ्यतागत श्रेष्ठता का भी संकेत है. महादेव के प्रथम मंदिर में सोमनाथ का नाम है. विरासत और विश्वनाथ का प्रतिक सोमनाथ जी हैं. ये बात तो हर कोई जानता है कि जवाहल लाल नेहरू सोमनाथ मंदिर के पक्ष में नहीं थे. जब सोमनाथ मंदिर बनकर तैयार हो गया. तब मंदिर ट्रस्ट ने भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन समारोह में आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सम्मान और गर्व के साथ स्वीकार कर लिया. लेकिन जैसे ही इसकी जानकारी तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को हुई, उन्होंने आपत्ति जताई.

> नेहरू जी कहा आपको शामिल नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे धर्मनिरपेक्ष राज्य की अवधारणा पर सवाल खड़े हो सकते हैं. हालांकि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसे व्यक्तिगत आस्था और सांस्कृतिक विरासत का विषय और अपने धर्म के प्रति आस्था को मानते हुए नेहरू की सलाह को स्वीकार नहीं किया. वे 11 मई 1951 को सोमनाथ पहुंचे और मंदिर के उद्घाटन किया और वहां से ऐतिहासिक भाषण भी दिया.


**कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर**

**निविदा सूचना 2025-26**

निविदा सूचना क्र/पी.डब्लू.डी/2025-26/21 | बुरहानपुर दिनांक : 08/01/2026

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में। | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_474148_1 | शनवारा चौराहा से गणपति थाना चौराहा तक सबग्रेड जी.एस.बी एवं डब्लू एम. एम. का कार्य। | 6 माह 92.96 लाख | 10,000/- 70,000/- | 27-01-2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर